एक नजर में

## भाजपा सरकार में बालिकाओं को मिल रहा महत्व : बंटी विवेक साहू



**छिंदवाड़ा।** भाजपा सरकार में बालिकाओं को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। वे आज देश की सीमा की सुरक्षा भी कर रही है और ट्रेन और जैट भी उड़ा रही है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने पटेल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर के वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सेंटर की उत्कृष्ट बालिकाओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश और देश में बालिकाओं की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और उन्हें सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ बालिकाओं को मिल रहा है। उन्होंने बालिकाओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सेंटर संचालक मोहिनी आदित्य पटेल, दीपक खंडेलवाल, प्रभुनारायण नेमा, विशवेन्द्र बैस, आशीष बरहैया सहित अन्य स्टॉफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## नकुल-कमलनाथ से मिले शिव भवानी मंदिर समिति के सदस्य



**छिंदवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ से वार्ड क्रमांक 48 के निवासियों ने शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर भेंट की। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में गुलमोहर कॉलोनी के शिव भवानी मंदिर समिति के सदस्यों ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्र देकर नेताद्वय को आमंत्रित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में गुलमोहर कॉलोनी के निवासीगण उपस्थित रहे।

## अजय मैद जामई विधानसभा प्रभारी नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जामई विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपते हुए जामई विधानसभा में कार्य संभालने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व जामई विधायक सुनील उइके की सहमति उपरांत अजय मैद को जामई विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री मैद ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ व नकुलनाथ का हृदय से आभार माना है।

## कृष्णराव ताठे बने उत्तर उप ब्लॉक अध्यक्ष

**छिंदवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस के उत्तर उप ब्लॉक में अध्यक्ष पद पर नवनियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपते हुए उत्तर उप ब्लॉक में कार्य संभालने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व छिन्दवाड़ा विधानसभा प्रभारी गोविंद राय की अनुशंसा उपरांत शहर उत्तर उप ब्लॉक में अध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद कृष्णराव ताठे को मनोनीत किया है। नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ का हृदय से आभार माना है।

## किसानों की उपज का समर्थन मूल्य से कम कीमत देकर किसानों का किया जा रहा शोषण बंद करे सरकार

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय जन किसान पार्टी के अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये यह आरोप लगाया है कि एक ओर तो राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर किसानों को लुभावने सपने किसान की फसल का दुगुना लाभ दिलाने और किसान वर्ष 2026 मनाने जैसे झूठे शगूफे छोड़कर गरीब किसानों को लुभा रही है, तो दूसरी ओर भीषण मॅहगाई में किसानों की मेहनत की उपज मक्का, सोयाबीन, कपास, तुअर व अन्य फसलों के समर्थन मूल्य गलत घोषित करने के बाद भी घोषित समर्थन मूल्य में किसानों की उपज को नहीं खरीद रही और मण्डी व्यापारियों के माध्यम से किसानों की फसलों की लूट कराने में माहिर हो रही है जिससे प्रदेश और मोदी सरकार पर किसानों का भरोषा उठ रहा है । श्याम शिवहरे ने राज्य सरकार से किसान हित में यह पुरजोर मांग की है कि सरकार द्वारा किसान की उपज का समर्थन मूल्य कम घोषित किया गया।

आभार | चयनित युवाओं को दिए चयन पत्र, प्रशिक्षित युवाओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र

# नकुल, कमलनाथ ने दी सौगात तो युवाओं ने हृदय से दिया धन्यवाद



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 8 फरवरी, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के साथ ही रोजगार की जब भी बात आती है तो मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का नाम युवाओं की जुबान पर अवश्य आता है। क्योंकि युवाओं के लिए विश्वास और भरोसे के दो नाम कमलनाथ व नकुलनाथ है।**

जिन्होंने विगत 47 वर्षो से लगातार जिले की सेवा की है और आज भी यह सेवा सतत व अबाध्य रूप से जारी है। जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने व उनका मार्गदर्शन करने के लिए लगातार विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों के द्वारा साक्षात्कार स्थानीय स्तर पर लिए जाते हैं जिनकी कल्पना करना भी संभव नहीं होता, किन्तु यह सबकुछ संभव होता है नेताद्वय के व्यक्तिगत प्रयासों से। जिसकी सराहना पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी होती है। हाल ही में इंडिगो एयर लाइन्स कम्पनी के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में साक्षात्कार लिया गया था। इस साक्षात्कार में चयनित हुए युवाओं का एचआर साक्षात्कार के लिए चयन हो चुका है। चयनित समस्त युवाओं ने शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर कमलनाथ एवं नकुलनाथ का हृदय से आभार माना। नेताद्वय ने चयनित युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर कार्य करने की बात कही।

### युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

एस्यासॉफ्ट कम्पनी में एसोसिएट बिजनेस एनालिस्ट के पद पर चयनित हुए समस्त युवाओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ के हस्ते नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। नियुक्त हुए समस्त युवाओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही उज्जवल भविष्य के लिए मान लगाकर कार्य करने की सलाह दी। नकुलनाथ ने उपस्थित युवाओं से कहा कि जो भी काम करो पूरा मन लगाकर करो सफलता और तरक्की अवश्य होती है।

### प्रशिक्षित युवाओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र

सोनी कंप्यूटर एजुकेशन में उन्नति फाउंडेशन बंगलुरू के माध्यम से निशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने अपने हाथों से व्यक्तिगत रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए साथ ही कहा कि जो कुछ सीखा है उसका उपयोग अच्छ कार्यों व देश निर्माण में करें ताकि इसका लाभ अन्य युवाओं को भी मिल सके।

## 28 फरवरी को मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस




नवभारत न्यूज

**परासिया, 8 फरवरी, रविवार को पेंशनर्स समाज की बैठक में पेंशनर्स दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। पेंशनर्स दिवस समारोह 28 फरवरी 2026 दिन शनिवार को मनाया जावेगा।**

पेंशनर्स दिवस समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में पेंशनर्स समाज में सम्मिलित नये सदस्य रघुवीर राय रामविलास रघुवंशी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक में अध्यक्ष अनूप राय, डी एन दुबे, डी के मिश्रा, यूआर अहिरवार, एस एल पाटकर, डी पी खंडेलवाल, जेठूलाल सोनी, दिनेश तन्तुवाय, सनलाल पन्द्राम,आर के रसेला, कुलदीप डेहरिया, आर एस मोर्य, जगन्नाथ डेहरिया, नज्जू धुर्वे, विष्णु कहार, व्ही के मिश्रा, असीम सेन गुप्ता, राजकुमारी रसेला, चन्द्रकान्ता जैन,पुष्पा डेहरिया, सुमरो बाई, रामबाई, अवीरी बाई,शमसुन्निसा खान आदि उपस्थित रहे।

## सम्मेद शिखर यात्रा की खुशी में हुई मंदिर विधि

**छिंदवाड़ा।** सकल जैन समाज की आस्था का प्रतीक शाश्वत सिद्ध क्षैत्र श्री सम्मेद शिखरजी मधुवन झारखंड में बने सुंदर एवं मनोहारी तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का चार दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व से पधारे गुरु भक्तों की उपस्थिति में ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में धर्म नगरी छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, सिंगोड़ी, चौरई, परासिया, उभेगांव, लोधीखेड़ा, चौरई, चांद, कुंडा, गुरैया सहित पूरे जिले से 5 सौ से अधिक गुरु भक्तों ने सम्मेद शिखरजी पहुंचकर महोत्सव में हिस्सा लिया एवं सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा वेदी सूतन के साथ तीर्थ वंदना कर धर्माराधना की गई।

## भोलेनाथ के जयकारे लगाते महादेव पहुंचा कहार समाज



नवभारत न्यूज

**तामिया, 8 फरवरी, भगवान शिव की शक्ति की अपार आस्था प्रेम हे जो तामिया कहार परिवार की ओर से बड़ा महादेव भूरा भगत चौड़ागढ़ के लिए विशाल त्रिशूल यात्रा चौरागढ़ महादेव (पचमढ़ी) के लिए निकालते हैं।**

हर हर महादेव के जयकारों के साथ स्थानीय स्तर से रवाना होकर, सैकड़ो से अधिक सीढ़ियां चढ़कर शिवरात्रि के पावन पर्व पर महादेव को त्रिशूल अर्पित करती है। यह परंपरा कई वर्षो से चली आ रही श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए त्रिशूल लेकर चोटी पर जाते हैं। और भोले बाबा हर मनोकामना उनकी पूरी करते हैं तामिया से कहार समाज के द्वारा वर्षो से यात्रा निकाल कर सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्रात के लिए पैदल चलकर दो दिनों में पूरी करते हैं।

## भारतीय बौद्ध महासभा डॉ आंबेडकर के उत्तराधिकारियों के हाथो सुरक्षित : लोखंडे

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 8 फरवरी, भोपाल जिला मुख्यालय स्थित चैत्य बुद्ध विहार,भैया साहेब यशवंतराव आम्बेडकर स्मारक में हाल ही में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय सचिव, मध्यप्रदेश प्रभारी बी.एच. गायकवाड गुरुजी मुम्बई, गौतम पाटील राष्ट्रीय संगठक भोपाल, डॉ.चरणदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष दक्षिण मध्यप्रदेश, आर.सी.दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर की प्रमुख उपस्थिति में भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर एवं दक्षिण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई ।**

वरिष्ठ धम्म व आंबेडकरी चिंतक एड.रमेश लोखंडे ने प्रेस को बताया कि,मा.पाटील ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी आयु.सी.एल.बौद्ध दतिया जो कि,विगत 45 वर्षो से भारतीय बौद्ध महासभा के केंद्रीय,राज्य व जिला शाखाओं में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे वें अपनी पूरी टीम के साथ और प्रदेश उपाध्यक्ष एड.रमेश लोखंडे छिंदवाडा जिन्होंने 30 सालों से अपना सर्वस्व अर्पित कर जिला,प्रदेश स्तर पर भारतीय बौद्ध महासभा को मजबूत बनाने में योगदान दिया ,छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की आदम कद प्रतिमा स्थापित की, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में धम्म व आंबेडकरी आंदोलन चलायें,ने सैकड़ो पदाधिकारियों के साथ भारतीय बौद्ध महासभा को व्यक्तिगत स्वार्थसिद्धि के लिये कोर्ट में घसीटकर,चापलुसखोरों को तरहीज देकर संगठन को तहस नहस कर केवल चंदा बटोरने के लिए बौद्ध समाज को दिग्भ्रमित कर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को कमजोर करने वाले धम्म विरोधी श्री पाटील की विवादित कार्यप्रणाली से दुःखी होकर भारत रत्न डॉ.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा स्थापित मूल संगठन भारतीय बौद्ध महासभा जिसकी राष्ट्रीय पेट्रान महाउपासिका मीरा ताई आम्बेडकर एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एड भीमराव आंबेडकर है ,की नेतृत्व वाली वैधानिक भारतीय बौद्ध महासभा में सम्मिलित हुए हैं । मध्यप्रदेश की लगभग 25 जिला इकाई के प्रमुख पदाधिकारी भी मीराताई आम्बेडकर गुट में शामिल हुए ।

## अखिल भारतीय हिन्दू सेवादल के युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

### युवाओं ने थामा नकुल-कमलनाथ का हाथ

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 8 फरवरी, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्यो, कार्यप्रणाली व रीति-नीति से प्रभावित होकर अखिल भारतीय हिन्दू सेवादल के एक सैकड़ा से अधिक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ का हाथ थामा। शिकारपुर निवास पर पहुंचे युवाओं ने कांग्रेस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कर सतत रूप से जनहित में कार्य करने का संकल्प किया।**

कांग्रेस के युवा व सक्रिय पार्षद चिंटू काले के नेतृत्व में अखिल भारतीय हिंदू सेवादल के नगर अध्यक्ष अनुज सोनी ने अपने 100 युवा साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नकुलनाथ ने समस्त युवाओं को कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित युवाओं ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ को भरोसा दिलाया कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति अनुरूप वे सतत रूप से जनहित में कार्य करेंगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अनुज सोनी, अंशुल सोनी, विनीत वर्मा, अंकित वर्मा, प्रशांत सोनी, अंकुर सोनी, विक्की सोनी, जय सोनी, राम मालवीया, अभिषेक साहू, आकाश साहू, दीपक मालवीय, अंकुर सोनी, योगेश कराड़े, संजय साहू, वैभव जैन, आकाश पटेल, नीरज साहू, विशाल शर्मा, नयन मालवीय, सागर झा, पार्थ साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

## वाराणसी बना चैंपियन, जीता ब्लैक डायमंड फुटबॉल कप



नवभारत न्यूज

**परासिया, 8 फरवरी, पंकज स्टेडियम चांदामेटा में आयोजित ऑल इंडिया न्यू ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का फायनल मुकाबला वाराणसी ने जीतकर कप अपने नाम कर लिया।**

दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में यंग हीरोज बनारस विरुद्ध रायसेन बिल्डअप रायसेन के मध्य खेल गया। दोनों टीमों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया। मैच के दोनों हॉफ में बॉल निरंतर चलते रही अंत में बनारस की टीम के शुभम यादव के 4थे मिनट एवं अबुजर अली के 30वे मिनिट में किए गए गोल की मदद से बनारस ने रायसेन हराकर न्यू ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 की विजेता बनी। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 75000 रुपए नकद एवं प्रत्येक खिलाड़ी को पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 50000 नकद एवं प्रत्येक खिलाड़ी को पुरस्कार प्रदान किया गया । बेस्ट डिफेंस सौरभ सिंग ठाकुर रायसेन, बेस्ट फॉरवर्ड अमित यादव बनारस,बेस्ट गोलकीपर आकाश चौधरी बनारस रहे।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय आव्हान पर, प्रांतीय अध्यक्ष भाई भरत पटेल के मार्गदर्शन में सभी जिला मुख्यालय में रेली निकालकर अपनी लंबित मांगो के लिए ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम में छिंदवाड़ा इकाई के संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि 22 सूत्रीय मांगों का माननीय मुख्यमंत्री व शिक्षा विभाग के आला अधिकारी के नाम दिया गया। जिसमें दोषपूर्ण ई अटेंडेंस बंद करने, पुरानी पेंशन लागू करने, नियुक्ति दिनांक से सेवावधि की गणना, ग्रेच्युटी आदि की मांग को, प्रमुखता से सम्मिलित किया गया है जिले के समस्त विकासखंड से वड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका प्रियदर्शनी इंदिरा पार्क गौरैया रोड पर एकत्र हुए जहां, जिला अध्यक्ष द्वारा व अन्य के द्वारा उद्बोधन व जिले की समस्याओं पर चर्चा के उपरांत रैली के रूप में कलेक्ट्रेट आकर ज्ञापन सौंपा।


भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD
विज्ञापन संख्या RBISB/BA/05/2025-26

भारतीय रिज़र्व बैंक में नॉन सीएसजी कैडर में विभिन्न पदों पर भर्ती – पैनल वर्ष 2026

पैनल वर्ष 2026 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में नॉन सीएसजी कैडर में निम्नलिखित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' में विधि अधिकारी | 06 |
| 2 | ग्रेड 'बी' में प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) | 02 |
| 3 | ग्रेड 'बी' में प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) | 01 |
| 4 | ग्रेड 'ए' में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) | 04 |
| 5 | ग्रेड 'ए' में सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) | 08 |
| | कुल | 21 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी ब्योरों के लिए, कृपया **06 फरवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर और एम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार के दिनांक **14 फरवरी 2026** के अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित किए जाने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें। उपरोक्त पदों के लिए उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

3. महत्वपूर्ण तिथियां:

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा | 06 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 (शाम 06 बजे तक) |
| ऑनलाइन / लिखित परीक्षा | 14 मार्च 2026 |

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र / अनुशेष जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।


आयोजन | सांसद ने छिन्दवाड़ा शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित सामाजिक संगठनों की बैठकों में दी 1008 कुण्डीय महायज्ञ की जानकारी

# सांसद ने सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सामाजिकजनों को किया आमंत्रित



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 8 फरवरी, रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां जिले भर में जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। छिन्दवाड़ा के इतिहास में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी सामाजिक संगठनों का उन्हें हर दम सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित हो रहे इस महायज्ञ में सादर आमंत्रित करते हुए सभी को आमंत्रण पत्र और यजमानों के लिए बनाए गए नि:शुल्क पंजीयन फॉर्मों का वितरण किया।**

उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विशाल यज्ञशाला के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों का भी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक ली जा रही है। सांसद श्री साहू ने विभिन्न स्थानों आयोजित हुई बैठकों में शामिल होकर सामाजिक संगठनों के बंधुओं को इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ मे सादर आमंत्रित किया है।

### ताम्रकार समाज के बीच पहुंचे सांसद

एम पटेल मार्ट के सामने स्थित ऋषि ज्वेलर्स में आयोजित बैठक में क्षत्रिय ताम्रकार समाज ने सांसद बंटी विवेक साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, महेंद्र वर्मा, लेखराम ताम्रकार, दिनेश ताम्रकार, सुरेश वर्मा, आनंद ताम्रकार, सुनील ताम्रकार ताम्रकार, सोहन ताम्रकार, विनय ताम्रकार, सचिन ताम्रकार, प्रशांत ताम्रकार, दिनेश कसेरा, सोहन ताम्रकार, जितेन्द्र वर्मा, संजय वर्मा, आशु वर्मा, ऋषभ ताम्रकार, धनराज ताम्रकार, कमल ताम्रकार, अतुल ताम्रकार, अविनाश ताम्रकार, महिला मंडल अध्यक्ष सुजाता प्रशांत ताम्रकार, वंदना अनिल पैगवार, निशा राजेंद्र ताम्रकार, माला ताम्रकार, रेखा विनय ताम्रकार, सुनयना पंकज ताम्रकार, रजनी महेंद्र वर्मा, आरती दिनेश ताम्रकार, राखी ताम्रकार, नीलम ताम्रकार, वर्षा सौरभ ताम्रकार, स्वाति अविनाश ताम्रकार, मोना विनय ताम्रकार, लक्ष्मी मोहन ताम्रकार उपस्थित रहीं।


OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

Tender Notice

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/16/26_ DATED 05/02/2026 2026_DTCP_ 480579 1 | DEVELOPMENT WORK OF SHREE MANGALNATH TEMPLE,UJJAIN | 18 Months 99,06,27,000/- | 59000/- 49,53,135/- | 28/02/2026 17:30PM |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain